प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को करेंगे प्रयागराज वाराणसी रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजना का शुभारंभ : उद्घाटन से पहले 8 दिसंबर को रेल मंत्रो अश्विनी वैष्णव करेंगे निरीक्षण।**
2. **महाकुंभ को लेकर प्रसार भारती सीईओ गौरव द्विवेदी ने किया संगम तट पर कवरेज स्थलों का दौरा : जनवरी पहले हफ्ते से प्रयागराज से शुरु होगा कुंभ वाणी एफएम चनल।**
3. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज एक दिवसीय दौरे पर पहुंच अयोध्या : रामायण मेले का किया शुभारंभ : कहा समाजवादी चिंतक लोहिया के विचारों से सीख ले विपक्ष।**

**और**

4. **संभल हिंसा में उपद्रवियों से की जाएगी संपत्ति के नुकसान की वसूली : जुमे को नमाज को लेकर प्रशासन ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।**

---

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को महाकुम्भ 2025 की तैयारियों का जायजा लेने और परियोजनाओं का लोकार्पण करने महाकुंभनगर और प्रयागराज आ रहे हं। इस दौरान प्रधानमंत्री प्रयागराज और वाराणसी के बीच के रेलवे**

ट्रैक दोहरीकरण परियोजना का भी शुभारंभ करेंगे। रेलवे की तरफ से प्रयागराज और वाराणसी के बीच ट्रैक दोहरोकरण का कार्य अंतिम चरण में है। इसके अन्तर्गत गंगा रेल ब्रिज का निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। आठ दिसंबर को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव परियोजना का निरीक्षण करेंगे। महाकुम्भ के दौरान इस ट्रैक से ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगा।

प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 7 दिसंबर को प्रयागराज आकर सभी तैयारियों का जायजा लेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन के संबंध में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि सभी तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। इन्हें निर्धारित समय सीमा केपूर्ण कर लिया जाएगा। मंडलायुक्त ने बताया कि जिन परियोजनाओं का श्री मोदी लोकार्पण करेंगे, उन्हें भी समय से पहले पूरा किए जाने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं।

प्रयागराज में महाकुंभ में आने वाले लोगों को सुरक्षित स्नान करवाने के साथ–साथ किसी भी संभावित आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ टीम ने भी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 11 राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आने वाले श्रद्धालुओं को सहायता प्रदान करना और सुरक्षित स्नान करवाना प्रथम जिम्मेदारी है। बाइट......

*थाने में भी जो जिला प्रशासन का आपदा प्रबंधन विभाग है और जो नगर निगम है जल पुलिस है और एनडीआरएफ उसके बीच समन्वय स्थापित हो चुका है। अभी–अभी बृहद रूप से उसके विषय में दिशा निर्देश जारी कर दिये गये और जो–जो योजनाएं पहले भी यहां लागू होती रही है कि जिससे ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु यहां पर आये और यहां पर आयोजन हमारा सुगम और सुरक्षित रहे, उसे लिये जो भी कार्रवाई करनी है वो हो रही है।*

———————

**प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू होरहे महाकुंभ के लिए आज से निमंत्रण बांटने का सिलसिला शुरू हो गया है। महाकुंभ को लेकर प्रदेश सरकार के मंत्रियों द्वारा विभिन्न राज्यों में जाकर वहां के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भेंटकर उन्हें महाकुंभ में आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। महाकुंभ निमंत्रण को लेकर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को दक्षिण की जिम्मेदारी दी गई है। श्री मौर्य तेलंगाना जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को महाराष्ट्र की जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल को गुजरात में आमंत्रण देने के लिए नामित किया गया है। इस दौरान महाकुंभ के आयोजन का प्रचार प्रसार के लिए रोड शो भी होंगे।**

———————

**प्रयागराज महाकुंभ 2025 को लेकर आज प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने प्रयागराज**

संगम तट पर कवरेज स्थलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ पीआईबी के प्रधान महानिदेशक धीरेंद्र ओझा, आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद और दूरदर्शन समाचार की महानिदेशक प्रिया कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान महाकुंभ से जुड कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया गया। श्री द्विवेदी ने बताया कि प्रसार भारती महाकुंभ को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आकाशवाणी और दूरदर्शन में अलग–अलग तरह के कार्यक्रम बनाए जाएंगे। साथ ही प्रयागराज से कुंभ वाणी एफएम चनल का प्रसारण किया जाएगा। बाइट......

*जनवरी 2025 में महाकुंभ का आयोजन प्रारम्भ होगा और इसके लिये हमारी प्रसार भारती की तरफ से जो तैयारियां है हमारे दोनों अंग दूरदर्शन, आकाशवाणी इनके द्वारा तैयारियां कुछ महीने पहले से प्रारम्भ की जा चुकी है। इन सभी जगहों पर हमारे लगभग 50 से अधिक कैमरास की व्यवस्था हम कर रहे है और इन सभी माध्यमों से हमें जो इनपुट प्राप्त होते है उनको यथा आवश्यक हम लाइव या पैकेज करके अन्य कार्यक्रमों में सिगमेंट के तौर पर प्रस्तुत करेंगे। आकाशवाणी की तरफ से कुंभ की समापति एफ एम चैनल भी शुरू किया जा रहा है। 103.8 मेगा हर्ट्स पर ये चैनल जनवरी के प्रथम सप्ताह में ये चैनल किसी तरीख से शुरू हो जायेगा।*

श्री द्विवेदी ने आज मेला अधिकारी विजय किरन आनंद, कमिश्नर विजय विश्वास पंत, जिला अधिकारी रविंद्रकुमार मादड़ के साथ बैठक भी की।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस के महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद के

शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित हुए। श्री योगी ने देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेन पर बधाई दी है।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में 43वें रामायण मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि अयोध्या धाम को पुरातन गौरव प्राप्त हो, इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही उन्होंने रामायण पर शोध की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम ने पूरे भारत और समाज को जोड़ने का काम किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाजवादी चिंतक डॉ0 राम मनोहर लोहिया के आदर्शों को याद किया और कहा कि डॉ0 राम मनोहर लोहिया ने अलग–अलग क्षेत्रों में रामायण मेल, रामायण उत्सव के कार्यक्रम प्रारंभ कराए।

उन्होंने कहा कि लोहिया के नाम पर राजनीति करने वालों को उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए। बाइट.......

*डॉ0 लोहिया राजनीति में आकर्षण के प्रतीक माने जाते थे। उन्होंने आज के समाजवादियों को कहा था राजनीति में सच्चा समाजवादी वही है जो सम्पत्ति और सन्तति के मोह से मुक्त है। आज के समाजवादी परिवारदी हो गये है। लोहिया के नाम पर राजनीति करेंगे मगर लोहिया के एक भी आदर्श को अपने जीवन में अंगीकार नहीं करेंगे।*

मुख्यमंत्री जानकी महल में आयोजित श्रीराम जानकी विवाह उत्सव में भी शामिल हुए।

—————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दो गई है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*विधानमंडल के दोनों सदनों– विधान सभा और विधान परिषद की कार्यवाही सोमवार, 16 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगी। वर्ष 2024 का यह तृतीय सत्र होगा। इस दौरान राज्य सरकार विभिन्न विधेयकों और बजट से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेगी। विपक्ष भी जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने की तैयारी में है। सत्र को लेकर सभी दलों ने अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

—————————

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हर गरीब व्यक्ति को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने करीब तीन करोड़ मकान बनाने की स्वीकृति दी है। कल नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत 38 लाख आवास आवंटित किए गए हैं।

*योजना के प्रारंभ से ग्रामीण विकास विभाग 2 करोड़ 95 लाख आवास स्वीकृत कर चुका है जो हमारा टारगेट था और उसमें से 2 करोड़ 68 लाख घरों का निर्माण भी पूरा कर चुके हैं। अब पांच सालों में दो करोड नए घर हमको और बनाने हैं।*

———————

संभल के एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा है कि उपद्रवियों से ही नुकसान की वसूली की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में अभी तक 34 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं संभल में हिंसा के बाद दूसरे जुमे की नमाज को देखते हुए जिला प्रशासन की तरफ से सुरक्षा–व्यवस्था की विशेष तैयारी की गई है। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बलों को तैनात करने का निर्देश दिया गया है।

(समाप्त)